भर्ती हेतु सूचना

सीनियर कनसल्टेंट – देखभाल सहायता और उपचार (एनवीएचसीपी)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां

- समय–समय पर सहमति के अनुसार केंद्र और राज्यों में, "राष्ट्रीय वाइरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम" के कार्यान्वयन एवं उसके लक्ष्यों के लिए **तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना**
- कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्तरों पर दिशानिर्देशों के अनुसार वाइरल हेपेटाइटिस के लिए देखभाल, सहायता और उपचार का **कार्यान्वयन सुनिश्चित करना**
- वाइरल हेपेटाइटिस के उपचार एवं प्रबंधन में **नवीनतम प्रगति की समीक्षा करना**
- मौके पर दौरों के जरिए **पर्यवेक्षण करना** और कार्यक्रम के अंतर्गत उपचार स्थलों को सुदृढ़ बनाने के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना
- **उपचार स्थलों पर सृजित रिपोर्ट का** वाइरल हेपेटाइटिस प्रबंधन इकाई को **समय पर जमा कराना सुनिश्चित करना**
- कार्यक्रम के अंतर्गत उपचार स्थलों के कामकाज की **नियमित निगरानी**
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए **राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक** और असाइनमेंट के लिए समयसीमा का पालन करने के लिए एक साथ विभिन्न असाइनमेंट्स पर काम करने की क्षमता
- जहां कहीं आवश्यकता हो वाइरल हेपेटाइटिस के लिए द्रुत मोचन दल (आरआरटी) के सदस्य के रूप में **महामारी/प्रकोप निरीक्षण में भाग लेना** और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना
- वाइरल हेपेटाइटिस के निवारण और नियंत्रण के लिए कार्यक्रम संबंधी देखभाल, सहायता और उपचार के बारे में **साहित्य की समीक्षा करना** तथा वर्तमान रूझानों के बारे में अद्यतन रहना
- कार्यक्रम के घटकों के बारे में राज्य एवं **राष्ट्रीय आंकड़ों का** नियमित आधार पर **संग्रह और विश्लेषण**
- कार्यक्रम के लिए समन्वय एवं आदानों को समाहित करने के माध्यम से राज्यों की **कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना** (पीआईपी) राज्य पीआईपी **के लिए जिम्मेदार**
- कार्यक्रम के लिए **बजट और वित्तीय योजना बनाना**
- कार्यक्रम के अंतर्गत **जिला एवं राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण**
- **अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकोल/दिशानिर्देश** विकसित करना और आवश्यकतानुसार शोध अध्ययन करना और/या निर्देशित करना
- अन्य असाइनमेंट करना, जो प्रतिवेदन प्राधिकार समय–समय पर सौंप सकता है

योग्यता मानदंड :

I . आवश्यक योग्यताएं

भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) से मान्यता प्राप्त एमबीबीएस के साथ चिकित्साशास्त्र/बाल चिकित्सा में स्नातकोत्तर

II . आवश्यक अनुभव

चिकित्साशास्त्र/बाल चिकित्सा में स्नातकोत्तर योग्यता के बाद या राष्ट्रीय कार्यक्रमके लिए कार्यान्वयन/सेवा सुपुर्द करने में कम से कम 3 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव

अन्य वांछनीय कौशल

- एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और प्रासंगिक आंकड़े और कागजात खोजने के लिए वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से उपयोग होने वाले पैकेज की उच्च स्तर की जानकारी के साथ कंप्यूटर में दक्षता
- उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतरवैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संचार कौशल। हिंदी का कामकाजी ज्ञान भी वांछनीय
- बहु–क्षेत्रीय टीम वातावरण में काम करने की क्षमता
- क्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने का अनुभव

औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु सीमाः विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष तक की उम्र

परिलब्धियां : 90,000–1,50,000/– रु. प्रति माह

(योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।)

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Nov-2019** तक केवल ncdc.mohfw@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।